कम्प्यूटर परिपत्र सं० - 2223017

पत्र सं0–विधि/2022–23/अपील निस्तारण/कम्प्यूटर परिपत्र सं0/ 145 /राज्य कर।

कार्यालयः–आयुक्त, राज्य कर, उ0प्र0।

(विधि अनुभाग)

लखनऊ:: दिनांक :: 02 जून, 2022

समस्त अपर आयुक्त ग्रेड–1,
अपर आयुक्त ग्रेड–2(अपील), राज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– उ0प्र0 मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 की धारा–55 के अन्तर्गत लम्बित अपीलों के निस्तारण के सम्बन्ध में।

माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष राज्य कर विभाग द्वारा 100 दिवसीय, 06 माह, 01 वर्ष एवं 02 वर्ष के कार्यात्मक लक्ष्य में उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 की धारा–55(जिसे आगे प्रांतीय अधिनियम कहा गया है) के अंतर्गत लम्बित अपीलों के शीघ्र निस्तारण की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की गई है। प्रांतीय अधिनियम के अंतर्गत वर्षवार लम्बित अपीलों के शीघ्र निस्तारण के सम्बन्ध में मुख्यालय के पत्र सं0–एस0एस0–4(1)अपील निर्देश/2022–23/95, दिनांक 25.05.2022 से, वर्ष 2018 तक की लम्बित अपीलों के यथाशीघ्र निस्तारण के साथ–साथ आगे के वर्षों की अपीलों का भी प्राथमिकता से निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। प्रांतीय अधिनियम के अंतर्गत अपीलीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली अपीलों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर डिपार्टमेन्टल सर्विसेज > MIS Report >VYAS MIS > Appeal > Appeal Details Court wise में उपलब्ध है। दिनांक 25.05.2022 को प्रेषित निर्देश के साथ संलग्न सूची मे सभी न्यायिक सम्भागों से प्राप्त मैनुअल विवरण के अनुसार दिनांक 31.03.2022 को कुल 14873 अपील लम्बित थी, जबकि VYAS MIS पर उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार कुल 22789 अपील लम्बित प्रदर्शित हो रही है। **(विवरण संलग्न)**

2. न्यायिक सम्भागों से प्राप्त मैनुअल विवरण एवं VYAS MIS पर उपलब्ध विवरण में भिन्नता से प्रथम दृष्टया यह निष्कर्ष निकलता है कि अपीलों के निस्तारण के पश्चात् वांछित प्रविष्टियॉ प्रांतीय अधिनियम के अंतर्गत योजित अपीलों से सम्बन्धित मॉड्यूल में नहीं की जा रही है। अपीलीय कार्यालयों की उक्त कार्य प्रणाली अत्यंत आपत्तिजनक है। VYAS MIS पर उपलब्ध विवरणों की समीक्षा पर पाया गया कि दिनांक 31.03.2022 को रू0–05 लाख एवं उससे अधिक विवादित धनराशि की कुल 6475 अपील लम्बित है। मा0 मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत कार्ययोजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पूर्व में दिनांक 25.05.2022 को जारी निर्देशों को अतिक्रमित करते हुए तत्काल प्रभाव से समस्त अपीलीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि रू0–05 लाख एवं उससे अधिक विवादित धनराशि की लम्बित अपीलों का नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त का अनुपालन करते हुए समानुपातिक रूप से नियमानुसार दिनांक 30.09.2022 तक निस्तारण पूर्ण कर लिया जाए। जिन अपीलीय अधिकारियों के समक्ष रू0–05 लाख एवं उससे

अधिक धनराशि की लम्बित अपीलों की संख्या अत्यन्त न्यून है, उनके द्वारा अन्य लम्बित अपीलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

3. प्रत्येक अपील के निस्तारण की प्रविष्टि सम्बन्धित अपील मॉड्यूल में अनिवार्य रूप से कराई जाए। जिन मामलों मे अपीलों का निस्तारण पूर्व में किया जा चुका है, परन्तु मॉड्यूल पर उपलब्ध विवरण में अपील लम्बित प्रदर्शित हो रही है, उसके निस्तारण से सम्बन्धित प्रविष्टियॉ अपील मॉड्यूल में दिनांक 15.06.2022 तक पूर्ण करा दी जाए। इस कार्य में किसी तकनीकी समस्या का समाधान आई0टी0 अनुभाग, मुख्यालय से तत्काल कराया जाए। प्रत्येक जोन के अपर आयुक्त ग्रेड–1 द्वारा अपीलों के निस्तारण की पाक्षिक समीक्षा अपील माड्यूल से करते हुए संक्षिप्त रिपोर्ट विधि अनुभाग, मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

संलग्नकः—यथोक्त।

ह0/-

(मिनिस्ती एस0)
आयुक्त,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

पृ0प0सं0 एवं0 दिनांक उक्त।

प्रतिलिपिः— उपायुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर सुसंगत मेन्यू में अपलोड कराने हेतु।

2.6.2022

(सुनील कुमार राय)
अपर आयुक्त (विधि) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

वैट अधिनियम की धारा-55 के अंतर्गत दिनांक 31-03-2022 को लम्बित अपीलों का न्यायिक सम्भागवार विवरण

| | न्यायिक सम्भाग का नाम | लम्बित अपीलों की संख्या | | रू0-5.00 लाख सेअधिक विवादित धनराशि की लम्बित अपीलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | मैनुअल विवरण के अनुसार | VYAS MIS के अनुसार | |
| 1 | आगरा-प्रथम | 139 | 136 | 38 |
| 2 | आगरा-द्वितीस | 268 | 420 | 108 |
| 3 | आगरा-तृतीय | 503 | 531 | 143 |
| 4 | इटावा | 170 | 153 | 17 |
| 5 | मैनपुरी | 461 | 422 | 61 |
| 6 | अलीगढ़ | 297 | 426 | 71 |
| 7 | मथुरा | 406 | 402 | 97 |
| 8 | प्रयागराज-प्रथम | 185 | 431 | 40 |
| 9 | प्रयागराज-द्वितीय | 57 | 375 | 88 |
| 10 | प्रयागराज-तृतीय | 41 | 38 | 4 |
| 11 | बरेली-प्रथम | 151 | 201 | 58 |
| 12 | बरेली-द्वितीय | 289 | 251 | 58 |
| 13 | गोरखपुर-प्रथम | 191 | 700 | 133 |
| 14 | गोरखपुर-द्वितीय | 34 | 313 | 53 |
| 15 | बस्ती | 99 | 160 | 15 |
| 16 | अयोध्या-प्रथम | 416 | 308 | 38 |
| 17 | अयोध्या-द्वितीय | 238 | 524 | 141 |
| 18 | गोण्डा | 272 | 1103 | 337 |
| 19 | गाजियाबाद-प्रथम | 332 | 684 | 239 |
| 20 | गाजियाबाद-द्वितीय | 287 | 520 | 195 |
| 21 | गाजियाबाद-तृतीय | 345 | 581 | 264 |
| 22 | गाजियाबाद-चतुर्थ | 153 | 420 | 132 |
| 23 | गाजियाबाद-पंचम | 201 | 345 | 158 |
| 24 | बुलंदशहर | 199 | 200 | 35 |
| 25 | नोएडा-प्रथम | 639 | 868 | 375 |
| 26 | नोएडा-द्वितीय | 349 | 354 | 161 |
| 27 | नोएडा-तृतीय | 611 | 718 | 353 |
| 28 | झाँसी-प्रथम | 14 | 19 | 3 |
| 29 | झाँसी-द्वितीय | 14 | 6 | 2 |
| 30 | बांदा | 191 | 233 | 74 |
| 31 | लखनऊ-प्रथम | 219 | 393 | 140 |
| 32 | लखनऊ-द्वितीय | 236 | 9 | 4 |
| 33 | लखनऊ-तृतीय | 283 | 734 | 315 |
| 34 | लखनऊ-चतुर्थ | 211 | 217 | 100 |
| 35 | लखनऊ-पंचम | 233 | 353 | 143 |
| 36 | सीतापुर | 440 | 1039 | 225 |
| 37 | कानपुर-प्रथम | 276 | 872 | 387 |
| 38 | कानपुर-द्वितीय | 570 | 968 | 326 |
| 39 | कानपुर-तृतीय | 286 | 320 | 66 |
| 40 | कानपुर-चतुर्थ | 185 | 207 | 59 |

Scanned with CamScanner

आदेश

| | न्यायिक सम्भाग का नाम | लम्वित अपीलों की संख्या | | रू0-5.00 लाख सेअधिक विवादित धनराशि की लम्वित अपीलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | मैनुअल विवरण के अनुसार | VYAS MIS के अनुसार | |
| 41 | कानपुर-पंचम | 287 | 333 | 100 |
| 42 | कानपुर-षष्टम | 266 | 289 | 69 |
| 43 | मुरादावाद-प्रथम | 281 | 785 | 207 |
| 44 | मुरादावाद-द्वितीय | 265 | 710 | 160 |
| 45 | बिजनौर | 245 | 239 | 35 |
| 46 | मेरठ-प्रथम | 16 | 23 | 3 |
| 47 | मेरठ-द्वितीय | 394 | 389 | 173 |
| 48 | सहारनपुर | 429 | 899 | 205 |
| 49 | मुजफ्फरनगर | 550 | 503 | 122 |
| 50 | वाराणसी-प्रथम | 649 | 777 | 44 |
| 51 | वाराणसी-द्वितीय | 295 | 238 | 5 |
| 52 | वाराणसी-तृतीय | 210 | 183 | 8 |
| 53 | आजमगढ़ | 130 | 98 | 9 |
| 54 | जौनपुर | 212 | 107 | 0 |
| 55 | मिर्जापुर | 46 | 44 | 3 |
| 56 | सोनभद्र | 107 | 218 | 76 |
| | कुल | 14873 | 22789 | 6475 |

Scanned with CamScanner